लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1574
28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

बुनकरों को वित्तीय सहायता

1574. श्री अभय कुमार सिन्हाः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बिहार के औरंगाबाद लोक सभा क्षेत्र में हथकरघा और विद्युतकरघा आधारित रोजगार को बढ़ावा देने के लिए किसी विशेष योजना पर कार्य कर रही है;
(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान जिले में बुनकरों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता की राशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का औरंगाबाद और गया में एक वस्त्र या परिधान समूह स्थापित करने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) वस्त्र मंत्रालय बिहार सहित पूरे देश में हथकरघा और पावरलूम पर आधारित रोज़गार बढ़ाने के लिए कई योजनाएं और पहल कार्यान्वित कर रहा है।प्रमुख योजनाओं/पहल में पीएममेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन्स एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्कीम शामिल है, जिसका उद्देश्य आधुनिक, इंटीग्रेटेड और वर्ल्ड-क्लास टेक्सटाइल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना है; मांग आधारित, रोजगार उन्मुख कौशल कार्यक्रम प्रदान करने के लिए पारंपरिक हथकरघा बुनकरों को शुरू से आखिर तक सहायता हेतु राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) सहित समर्थ– वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना उपलब्ध है।

(ख) बिहार राज्य के औरंगाबाद ज़िले में एनएचडीपी योजना के एक घटक लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत बुनकरों को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा इस प्रकार है:

स्वीकृति का वर्ष	क्लस्टर का नाम	जिला	जारी की गई राशि (लाख में)	कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या
2022-23	नबीनगर	औरंगाबाद	162.345	423
	कुटुंबा		163.089	413

(ग) और (घ) वर्तमान में, औरंगाबाद और गया में वस्त्र अथवा परिधान क्लस्टर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****